गणित

(www.tiwariacademy.com)

(अध्याय – 1) (पूर्णांक)

(कक्षा - 7)

प्रश्नावली 1.2

प्रश्न 1:

ऐसा पूर्णांक युग्म लिखिए जिसका (a) योग -7 है (b) अंतर -10 है (c) योग 0 है

उत्तर 1:

(a) ऐसा पूर्णांक युग्म लिखिए जिसका योग -7 है: $-5+(-2)=-7$

(b) ऐसा पूर्णांक युग्म लिखिए जिसका अंतर -10 है: $-2-8=-10$

(c) ऐसा पूर्णांक युग्म लिखिए जिसका योग 0 है: $-5+5=0$

प्रश्न 2:

(a) एक ऐसा ऋणात्मक पूर्णांक युग्म लिखिए जिनका अंतर 8 है।

(b) एक ऋणात्मक पूर्णांक और एक धनात्मक पूर्णांक लिखिए जिनका योग -5 है।

(c) एक ऋणात्मक पूर्णांक और एक धनात्मक पूर्णांक लिखिए जिनका अंतर -3 है।

उत्तर 2:

(a) $-2-(-10)-2+10=8$ (b) $(-7)+2=-5$ (c) $(-2)-1=-2-1=-3$

प्रश्न 3:

किसी प्रश्नोत्तरी के तीन उत्तरोत्तर चक्करों (rounds) में टीम A द्वारा प्राप्त किए गए अंक $-40, 10, 0$ थे और टीम B द्वारा प्राप्त किए गए अंक 10, 0, -40 थे। किस टीम ने अधिक अंक प्राप्त किए? क्या हम कह सकते हैं कि पूर्णांकों को किसी भी क्रम में जोड़ा जा सकता है?

उत्तर 3:

टीम A द्वारा प्राप्त किए गए अंक = $-40, 10, 0$

टीम A के कुल अंक = $-40+10+0=-30$

टीम B द्वारा प्राप्त किए गए अंक = $10, 0, -40$

टीम B के कुल अंक = $10+0+(-40)=10+0-40=-30$

अतः, दोनों टीमों के कुल अंक बराबर हैं। हाँ, हम पूर्णांकों को किसी भी क्रम में जोड़ सकते हैं।

प्रश्न 4:

निम्नलिखित कथनों को सत्य बनाने के लिए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:

(i) $(-5)+(-8)=(-8)+(.....)$

(ii) $-53+.....=-53$

(iii) $17 + ... = 0$

(iv) $[13+(-12)]+(.....)=13+[(-12)+(-7)]$

(v) $(-4)+[15+(-3)]=[-4+15]+.....$

उत्तर 4:

(i) $(-5)+(-8)=(-8)+\underline{(-5)}$ [योज्य क्रम विनिमय गुण]

(ii) $-53+\underline{0}=-53$ [शून्य योज्य तत्समक है]

(iii) $17+\underline{(-17)}=0$ [योज्य तत्समक]

(iv) $[13+(12)]+\underline{(-7)}=13+[(-12)+(-7)]$ [योज्य साहचर्य गुण]

(v) $(-4)+[15+(-3)]=[-4+15]+\underline{(-3)}$ [योज्य साहचर्य गुण]